खबर संक्षेप

देश का निर्यात अगस्त में 6.86 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली। भारत का निर्यात इस साल अगस्त में 6.86 प्रतिशत घटकर 34.48 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल इसी माह में यह 37.02 अरब डॉलर था। आयात भी 5.23 प्रतिशत घटकर 58.64 अरब डॉलर हो गया। अगस्त 2022 में 61.88 अरब डॉलर रहा था।

बीते सप्ताह रही तेल की कीमतों में सुधार

नई दिल्ली। विदेशों में सोयाबीन डीगम के दाम में बीते सप्ताह आई मजबूती के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों के थोक भाव मजबूत बंद हुए। विदेशों में पिछले सप्ताह सोयाबीन तेल का दाम 972 डॉलर से बढ़कर 1,040-45 डॉलर प्रति टन हो गया है। लेकिन पिछले साल मई के मुकाबले यह दाम लगभग आधा है।

चाय का निर्यात 8 प्रतिशत कम रहने की आशंका

मुंबई। श्रीलंका से आपूर्ति बढ़ने की वजह से चालू वित्त वर्ष में चाय उद्योग के निर्यात में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है। क्रिसिल रेटिंग्स के मुताबिक, 2023-24 में चाय उद्योग की परिचालन लाभप्रदता के पिछले साल की तुलना में एक प्रतिशत घटकर पांच प्रतिशत रह जाने का अनुमान है।

ब्राजील दुनिया में गन्ना व एथेनॉल का सबसे बड़ा उत्पादक

भारत और ब्राजील की डब्ल्यूटीओ में चीनी संबंधित विवाद सुलझाने चर्चा शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और ब्राजील ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में चीनी से संबंधित व्यापार विवाद को पारस्परिक रूप से सुलझाने के लिए बातचीत शुरू कर दी है। इस विवाद के समाधान के तहत दक्षिण अमेरिकी देश भारत के साथ एथनॉल उत्पादन प्रौद्योगिकी साझा कर सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

ब्राजील दुनिया में गन्ना और एथनॉल का सबसे बड़ा उत्पादक है। यह एथनॉल उत्पादन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली प्रौद्योगिकी में भी अग्रणी है। अधिकारी ने कहा, 'विवाद को सुलझाने के हमारे प्रयासों के तहत कुछ दौर की बातचीत हुई है। हमने यहां अंतर-मंत्रालयी बैठकें भी की हैं। ब्राजील ने कहा है कि वह हमारे साथ एथनॉल (उत्पादन) प्रौद्योगिकी साझा करेगा। यह एक सकारात्मक बात है।'

टूटे चावल से भी एथेनॉल का निर्माण

एथनॉल का इस्तेमाल वाहन ईंधन में मिलाने के लिए किया जाता है। गन्ने के साथ-साथ टूटे हुए चावल और अन्य कृषि उपज से निकाले गए एथनॉल के उपयोग से दुनिया के तीसरे सबसे बड़े कच्चे तेल उपभोक्ता व आयातक देश को आयात पर अपनी निर्भरता को कम करने में मदद मिलेगी।

पैनल के फैसले के खिलाफ भारत की है अपील

14 दिसंबर 2021 को डब्ल्यूटीओ विवाद निपटान पैनल ने फैसला सुनाया कि चीनी क्षेत्र को भारत के समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। जनवरी, 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के अपीलीय निकाय में पैनल के फैसले के खिलाफ अपील की। अपीलीय निकाय को विवादों के खिलाफ फैसले पारित करने का अंतिम अधिकार है।

20 फीसदी एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य

भारत फिलहाल अपनी कच्चे तेल की जरूरत का 85 प्रतिशत आयात करता है। साथ ही एथनॉल कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाता है। भारत ने 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा है। जिनेवा स्थित बहुपक्षीय निकाय में विवाद को सुलझाने के लिए भारत को पारस्परिक रूप से सहमत समाधान (एमएएस) के तहत अपनी ओर से भी कुछ पेशकश करनी होगी।

भारत दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक

हालांकि, अपीलीय निकाय के सदस्यों की नियुक्तियों पर देशों में मतभेद के कारण यह कार्य नहीं कर रहा है। ब्राजील दुनिया में चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक है। डब्ल्यूटीओ के सदस्यों... ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और ग्वाटेमाला ने शिकायत की थी कि गन्ना उत्पादकों को भारत के समर्थन उपाय गन्ना उत्पादन के कुल मूल्य के 10 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर से अधिक हैं।

- एथेनॉल उत्पादन प्रौद्योगिकी साझा कर सकता है
- एथेनॉल का उपयोग वाहन ईंधन में मिलाने के लिए उपयोग होता है
- दोनों देशों ने अपनी अंतर-मंत्रालयी बैठक भी की है

किसानों का चीनी सब्सिडी वैश्विक नियमों के अनुरूप नहीं : भारत डब्ल्यूटीओ में चीनी विवाद में अन्य शिकायतों के लिए भी इसी तरह की प्रक्रिया अपना रहा है। 2019 में ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और ग्वाटेमाला ने भारत को डब्ल्यूटीओ के विवाद निपटान तंत्र में घसीटा था और आरोप लगाया था भारत द्वारा किसानों को चीनी सब्सिडी वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं है।

अमेरिका ने भारत से छह व्यापार विवादों को निपटाया

हाल ही में भारत और अमेरिका ने छह व्यापार विवादों को निपटाया है और सातवें मामले को भी समाप्त करने पर सहमति व्यक्त की है। इस समाधान के तहत जहां भारत ने सेब और अखरोट जैसे आठ अमेरिकी उत्पादों पर 'जवाबी' शुल्क हटा दिया है, वहीं अमेरिका अतिरिक्त शुल्क लगाए बिना भारतीय इस्पात और एल्युमीनियम उत्पादों को बाजार पहुंच प्रदान कर रहा है।

डाबर पावर ब्रांड में हाजमोला ओडोमास को करेगा शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- डाबर ने एफएमसीजी मंच में नौ अलग-अलग पावर ब्रांड शामिल किए
- आठ भारत में और एक विदेशी बाजार में है

रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी डाबर अपने पाचक ब्रांड हाजमोला और मच्छर भगाने वाले ब्रांड ओडोमोस का विस्तार कर रही है। उसका इरादा इन्हें अपने 'पावर' ब्रांड की सूची में शामिल करने का है। डाबर के एफएमसीजी मंच में वर्तमान में नौ अलग-अलग पावर ब्रांड शामिल हैं।

आठ भारत में और एक विदेशी बाजार में है। इनका कंपनी की कुल बिक्री में 70 प्रतिशत योगदान है। डाबर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने पिछले सप्ताह निवेशक बैठक में कहा कि वर्तमान में डाबर के पास 17 ब्रांड हैं जो 100 करोड़ रुपये से अधिक के हैं, लेकिन ये 500 करोड़ रुपये से कम हैं। सीईओ ने कहा, 'हमारे पास 17 ब्रांड हैं, जो 100-500 करोड़ रुपये के दायरे में हैं। भविष्य इन्हीं ब्रांड का है और हम इनका विस्तार करेंगे। यदि आप पांच साल पहले देखें, तो ये सभी 100 करोड़ रुपये से कम कीमत के ब्रांड थे।' मल्होत्रा ने कहा कि डाबर इन ब्रांड का विस्तार करेगी, जिनकी पहले से ही बाजार में अच्छी पहुंच है। मल्होत्रा ने कहा, उदाहरण के लिए 'हाजमोला' हम इसे एक पावर ब्रांड बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, यह अभी उस पैमाने तक नहीं पहुंचा है। अभी यह हमारे लिए 350-400 करोड़ रुपये का ब्रांड है। हम इसे पावर ब्रांड बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

कंपनी ब्रांड कारोबार को आगे बढ़ाएगी

मल्होत्रा ने कहा, 'ओडोमोस' के लिए भी यही सोच है। यह अब भी एक पावर ब्रांड नहीं है। हम इसे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं... जैसे-जैसे हम ब्रांड के कारोबार को बढ़ाएंगे, हम इसे पावर ब्रांड बनाने की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे।

धान का रकबा अब तक 2.71 प्रतिशत अधिक...

नई दिल्ली। चालू खरीफ सत्र में अब तक धान की बुवाई का रकबा 2.71 प्रतिशत बढ़कर 409.41 लाख हेक्टेयर रहा। कुछ स्थानों पर बुवाई अभी जारी है। कृषि मंत्रालय के जारी आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी अवधि में धान बुवाई का रकबा 398.58 लाख हेक्टेयर था। फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र में, जून से दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ बुवाई शुरू होती है और अक्टूबर से कटाई शुरू होती है। अनाज और गन्ने का रकबा इस खरीफ सत्र में अब तक पिछले साल की तुलना में अधिक रहा है। वहीं दलहन, तिलहन, जूट और मेस्टा तथा कपास का रकबा कुछ घटा है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक 15 सितंबर को मोटे अनाज का रकबा मामूली बढ़कर 183.11 लाख हेक्टेयर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 181.48 लाख हेक्टेयर था।

चीन के आर्थिक आंकड़ों से मिले मंदी कम होने के संकेत

- चीन में अगस्त की खुदरा बिक्री में तेजी आई
- अर्थव्यवस्था महामारी के बाद उबर सकती है

एजेंसी ▶▶| बीजिंग



चीन के कारखानों ने गति पकड़ ली है और अगस्त में खुदरा बिक्री में भी तेजी आई है। सरकार की ओर से जारी रिपोर्ट में संकेत मिले हैं कि अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे वैश्विक महामारी के बाद की स्थिति से उबर सकती है। हालांकि, रेस्तरां तथा दुकानों में व्यस्त गतिविधि के बावजूद आंकड़ों में सभी महत्वपूर्ण संपत्ति क्षेत्र में लगातार कमजोरी दिखी। रियल एस्टेट डेवलपर्स सुस्त मांग के कारण कर्ज चुकाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रियल एस्टेट निवेश में अगस्त में सालाना आधार 8.8 प्रतिशत की गिरावट आई। साल की शुरुआत से ही गिरावट लगातार बढ़ती जा रही है। बैंकों पर बोझ कम करने के लिए पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना या केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि अधिकतर उधारदाताओं के लिए आरक्षित आवश्यकता में शुक्रवार तक 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की जाएगी। केंद्रीय बैंक के अनुसार, 'आर्थिक सुधार की नींव को मजबूत करने और उचित तथा पर्याप्त तरलता बनाए रखने के लिए' इससे उधार देने के लिए अधिक धन उपलब्ध होगा।

त्योहारी सीजन में ऑनलाइन बिक्री बढ़ने की उम्मीद: रिपोर्ट

नई दिल्ली। *आगामी त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन बिक्री में सालाना आधार पर 18-20 प्रतिशत की वृद्धि होने के साथ ही इसके 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। मार्केट रिसर्च फर्म रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के अनुसार, आगामी त्योहारी सीजन संभावित रूप से मार्जिन के मामले में अब तक का सबसे सफल सीजन हो सकता है। भारत ईटेलिंग के 2023 त्योहारी महीने का जीएमवी करीब 90,000 करोड़ रुपये रहेगा जो पिछले साल के त्योहारी महीने की बिक्री से 18-20 प्रतिशत अधिक है।'*

Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rules 20 of the Code of Civil Procedures)
In the Court of Sh. Surinder S. Rathi, District Judge (Commercial Court-03), at Room No. 303, Shahdara Distt. Karkardooma Court, Delhi
NIKE INNOVATE C.V.....Plaintiff
Against ABLOOM NEXIS.....Defendaant
To
Abloom Nexis, I-1162, Opposite LD Hospital, Main Tanki Road, Meethapur Badarpur, New Delhi -110044 Through its owner / proprietor Jaiveer Kumar
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 20.09.2023 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the Court, this 15-09-2023. Prepared by Ahlmad/Asstt. Ahlmad
*Note:It may be noted here that defendant is required to file written statement within 30 days of the service of summons.
Seal District Judge (Commercial Court)-03, Shahdara, Karkardooma Court, Delhi

NOTICE
IN THE COURT OF HON'BLE K. V. MORE, MEMBER MACT-2 (New Building G+9) 04th FLOOR, ROOM No. 405, DISTRICT COURT, NAGPUR.
C.P. No. 694/22, 695/22, 696/22
Process No. 5619, 5621, 5623 F.F. 04/11/2023
Petitioner: Priti -versus-
Respondent : Munish
To,
Munish Kumar Devi Prasad Sati, R/o Flat No. 6022/1, D-6, Vasant Kunj New Delhi.
Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act for Rs. 1,00,000/- each U/sec.140 of Motor Vehicle Act for Rs. 25,000/- each.
You are hereby noticed to appear in this Court of Hon'ble K.V. More, Member M.A.C.T.- 2, Nagpur, in person or by a pleader duly instructed on Dated 04/11/2023, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Petition will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this 02nd day of September, 2023.
Seal Registrar (Judl.) M.A.C.T. Nagpur

Case Reg. No.: CS(COMM) 571/2021
PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF...
SH SURINDER S. RATHI, DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT-03).
AT ... ROOM NO. 303, SHAHDARA DISTT. KARKARDOOMA COURT, DELHI.
SH. SUBHASH CHAND SHAKYA .....Plaintiff
Against
M/S VIJAY BOX MAKER & ANR .....Defendant
To
(1) M/S VIJAY BOX MAKER THROUGH ITS PROPRIETOR SH. VIJAY KUMAR SAGUTRA,
(2) SH. VIJAY KUMAR SAGUTRA, PROPRIETOR OF M/S VIJAY BOX MAKER AT, KACHI CHAWNI NEAR CITY, PALACE JAMMU -180001
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 05.10.2023 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this 14.09.2023.
Seal

प्रतिवादी की हाजिरी अपेक्षित करने के लिए उद्घोषणा
PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT
(सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 5 का नियम 20)
(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
IN THE COURT OF SH SURINDER S. RATHI, District Judge (Commercial Court-03), AT ROOM NO. 303, SHAHDARA DISTT. KARKARDOOMA COURT DELHI
Case No.: CS(COMM):- 203/22
PUNJAB NATIONAL BANK (e-OBC Bank) ..... Plaintiff
Against
Ms. Sabra Praveen ..... प्रतिवादी / Defendant
प्रेषिती, To,
1. Ms. Sabra Praveen, House No- 75 3rd Floor, New Ganesh Park, Rahid Market Delhi- 110051, Mob. 9911371802 Also At: 31/4, Block-31, Gali No-1, Bhikam Singh Colony, Delhi-110032
आप जानबूझकर समन की तामील से बच रहे हैं यह अधिसूचित किया जाता है कि यदि आप तारीख 20.09.2023 को, जो अंतिम निपटारे के लिए नियत की गई तारीख है, उक्त मामले में अपनी प्रतिरक्षा नहीं करेंगे तो उसकी सुनवाई और अवधारण एकपक्षीय रूप में किया जाएगा।
WHEREAS you are intentionally evading service of summons. It is hereby notified that if you shall not defend the case on the 20.09.2023 the day fixed for final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
यह आज तारीख 16.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई है।
Given under my hand and seal of the Court, this 16.09.2023.
District Judge, (Commercial Court)-03, Shahdara, Karkardooma Court, Delhi

दो दिवसीय मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन

नई दिल्ली। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, 16 और 17 सितंबर 2023 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली में दो दिवसीय मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन कर रहा है। दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम, गाजियाबाद के बड़ी संख्या में बिल्डर कार डीलर और वीज़ा सलाहकार रिटेल मेगा एक्सपो में शामिल हुए हैं खुदरा ऋण वृद्धि के लिए बिल्डरों, कार डीलरों और वीज़ा सलाहकारों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा की गई यह एक अनूठी पहल है।यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमडी और सीईओ सुश्री ए मणिमेखलाई ने दिल्ली जोन के मुख्य महाप्रबंधक श्री कबीर भट्टाचार्य, कॉर्पोरेट कार्यालय के रिटेल एसेट्स बैंकिंग के महाप्रबंधक श्री संजय नारायण और श्री जीएनवी रमन्ना की उपस्थिति में मेगा रिटेल एक्सपो का उद्घाटन किया।बड़ी संख्या में लोग अपने घर और वाहन की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ अपने बच्चों की उच्च शिक्षा के सपने को पूरा करने के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रिटेल एक्सपो में आए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय हाउसकीपिंग सप्ताह की निरंतरता के रूप में के. आर. के होटल मैनेजमेंट और कैटरिंग टेक्नोलॉजी के छात्र। मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम शेरेटन के 5 सितारा होटल फोर पॉइंट्स में घूमने गए। छात्रों ने होटल के महाप्रबंधक, शिक्षण और विकास प्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधक, खाद्य और पेय प्रबंधक और कार्यकारी हाउसकीपर से मुलाकात की। छात्रों को हाउसकीपिंग विभाग के गहन शो राउंड के लिए ले जाया गया। कुल मिलाकर, यह छात्रों के लिए सीखने का एक शानदार अनुभव था। विजिट का आयोजन डीन डॉ. अंजना सिंह के नेतृत्व में किया गया।

फेड का निर्णय तय करेगा शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, वैश्विक बाजारों के रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। 'गणेश चतुर्थी' के उपलक्ष्य में मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। वैश्विक मोर्चे पर बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के ब्याज दर पर निर्णय से भी बाजार को दिशा मिलेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौर ने कहा, यह सप्ताह मौद्रिक नीति वाला होगा। फेडरल रिजर्व के नीति-निर्माताओं ने फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक बुलाई है और ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा बुधवार यानी 20 सितंबर को होगी। गौर ने कहा, 'डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, अमेरिकी में बांड प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतें भी बाजार की दिशा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगी। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,239.72 अंक या 1.86 प्रतिशत के लाभ में रहा। नेशनल स्टॉक का निफ्टी 372.4 अंक या 1.87 प्रतिशत चढ़ गया। शुक्रवार को लगातार 11वें कारोबारी सत्र में सेंसेक्स लाभ में रहा और 319.63 अंक या 0.47 प्रतिशत की छलांग के साथ 67,838.63 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 408.23 अंक या 0.60 प्रतिशत बढ़कर 67,927.23 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा। शुक्रवार को निफ्टी 89.25 अंक या 0.44 प्रतिशत बढ़कर 20,192.35 के अपने रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 119.35 अंक या 0.59 प्रतिशत बढ़कर 20,222.45 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया।

राशिफल

मेष — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह — धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

मकर — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कुंभ — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

मीन — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

भारत में जेएलआर की बीईवी वाहनों की मांग पर नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) भारत में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग पर बारीकी से नजर रख रही है और उभरते परिदृश्य के आधार पर वह देश में और मॉडल उतारने की रणनीति बनाएगी। जगुआर लैंड रोवर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने यह बात कही है। अंबा ने कहा कि कई कारकों की वजह से घरेलू बाजार अपनी मांग को लेकर 'विशिष्ट' है। उन्होंने कहा, इस वजह से बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) की मांग पर हमारी नजदीकी नजर है।

कंपनी कुछ खास वाहन बाजार में उतारेगी : लक्जरी वाहन वाले उपभोक्ता अपनी पसंद और नयी प्रौद्योगिकी को अपनाने के मामले में काफी समझ दिखा रहे हैं। ऐसे में हम उनके लिए कुछ खास वाहन देना चाहते हैं, जो उनकी आकांक्षाओं पर खरे उतरते हों। कंपनी फिलहाल देश में सिर्फ एक बिजलीचालित मॉडल 'जगुआर आई-पेस' बेचती है।

नई रेंज रावर की बुकिंग शुरू

हालांकि, वैश्विक स्तर पर जेएलआर इस साल के अंत तक नई रेंज रोवर बीईवी के लिए बुकिंग शुरू करेगी, जो मौजूदा मॉड्यूलर लॉन्गिट्यूडिनल आर्किटेक्चर (एमएलए) की सफलता पर आधारित है। अंबा ने कहा कि एमएलए मंच कंपनी को विभिन्न बाजारों की मांग को पूरा करने के लिए आईसीई, हाइब्रिड और बीईवी रेंज रोवर्स का उत्पादन करने की सुविधा देता है।

शब्द पहेली - 5277



बाएँ से दाएँ
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

ऊपर से नीचे
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली- 5276 का हल

सूडोकु नवताल - 5287

★★★★☆ कठिन

	8			6				
					5			
		9				7		3
	1			8				2
			7		4			
6				3			8	
5		7				4		
			8					
				1			6	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5286 का हल

9	4	5	3	1	8	7	6	2
1	8	6	7	2	5	4	9	3
2	7	3	9	4	6	8	1	5
6	3	9	1	7	4	2	5	8
5	2	4	8	9	3	6	7	1
7	1	8	6	5	2	9	3	4
4	6	7	5	8	1	3	2	9
8	9	1	2	3	7	5	4	6
3	5	2	4	6	9	1	8	7